दीपावली पर्व को लेकर बाजारों दिख रही चहल-पहल

गाडरवारा, देशबन्धु। दीपावली पर्व को लेकर नगर में चारों ओर रौनक नजर आने लगी है। बाजारों में त्यौहारी चहल-पहल बढ़ गई है और लोगों में खरीदारी को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। नगर के ज्वेलर्स की दुकानों पर सोने-चांदी के आभूषण की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

धनतेरस के पहले से ज्वेलर्स बाजार गुलजार है। वहीं झंडा चौक पर पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं, जहां मिट्टी के दीये, रंगोली कलर, सजावट की सामग्री, तोरण, झालर सहित अन्य पूजन सामग्री बिक रही है। पानी की टंकी का क्षेत्र इन दिनों फूलों की मंडी जैसा नजर आने लगा है। यहां पर भी विशाल त्यौहारी बाजार लगता है, जहां गेंदा और गुलाब के फूलों की दुकानें सजी हुई हैं। नगर की पुरानी गल्ला मंडी में नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थान पर दीपावली की पूजन सामग्री की



सैकड़ों दुकानें लगेंगी। यहां लक्ष्मी जी की फोटो, मिट्टी की मूर्तियां, लाई, रुई, कैलेंडर, बताशे, खिलौने आदि की दुकानें लगना शुरू हो गई हैं। मिठाई की दुकानें भी सज गई हैं, जहां विभिन्न प्रकार की मिठाइयां ग्राहकों को लुभा रही हैं। नगर के प्रमुख बाजार शिवालय चौक, शुक्रवारा बाजार, स्टेशन रोड, अस्पताल मार्ग, पलौटन गंज के अलावा अन्य स्थानों पर भी त्यौहारी बाजार सजने लगे हैं।

दीपावली को लेकर लोग अपने मकानों में रंग-रोगन और पुताई के कार्य में भी जुटे हुए हैं, जिसके चलते कलर-पेंट की दुकानों पर भी भारी भीड़ दिखाई दे रही है।

नगर निरीक्षक अशोक चौहान ने फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों से अपील की है कि वे अपनी दुकानें ऐसी जगह लगाएं जिससे आम लोगों के आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष पंडित शिवाकांत मिश्रा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा ने कहा कि नगर पालिका द्वारा दीपावली त्यौहार को ध्यान में रखते हुए स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। त्यौहार के दौरान नगर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखी जाएगी और बाजारों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान मेडलेपार एमएलसी एवं एचआईएमएस रिपोर्टिंग में मिली लापरवाही

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मेडलेपार पोर्टल पर एमएलसी प्रकरणों की प्रविष्टि एवं एचआईएमएस रिपोर्टिंग में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष कुमार मिश्रा ने संबंधित डॉक्टरों के तीन दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

भ्रमण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिश्रा एवं थाना प्रभारी गाडरवारा द्वारा संबंधित चिकित्सकीय टीम को संयुक्त रूप से मेडलेपार पोर्टल पर एमएलसी प्रकरणों की ऑनलाइन प्रविष्टि एवं रिपोर्टिंग के संबंध में पुनः प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान पोर्टल पर सही एवं समयबद्ध जानकारी दर्ज करने, रिपोर्टिंग की प्रक्रिया तथा आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण को लेकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया।

उन्होंने बताया कि जिला स्तर



लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों का तीन दिवस का वेतन काटने के दिए निर्देश

पर मेडलेपार एमएलसी रिपोर्टिंग के लिए एक आधिकारिक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है। इसके माध्यम से संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्रविष्टि अथवा रिपोर्टिंग के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल आधिकारिक ग्रुप में जानकारी साझा करें, ताकि समस्या का त्वरित निराकरण किया जा सके और रिपोर्टिंग का कार्य प्रभावित न हो।

थाना प्रभारी गाडरवारा ने बताया कि एमएलसी के प्रकरणों का सीसीटीएनएस नंबर के माध्यम से सत्यापन किया जाएगा तथा डुप्लीकेट प्रकरणों को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई की जाएगी, जिससे पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में एकरूपता और शुद्धता बनी रहे।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिश्रा ने निर्देश देते हुए कहा कि प्रशिक्षण एवं आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने के बाद भी यदि मेडलेपार एमएलसी एवं एचआईएमएस रिपोर्टिंग में लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है, तो संबंधितों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि शासकीय कार्यों में समयबद्धता, जवाबदेही एवं सही रिपोर्टिंग सुनिश्चित करना सभी की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सार-समाचार

श्री शिवधाम डमरु घाटी न्यास की दान पेटी की हुई गणना

गाडरवारा, देशबन्धु। जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री शिवधाम डमरू घाटी न्यास की दान पेटी न्यास के पदाधिकारियों की विशेष उपस्थिति में खोली गई। मंदिर परिसर में विधिवत रूप से दान पेटी खोलकर राशि की गणना की गई। गणना के दौरान दान पेटी से कुल 1 लाख 40 हजार 899 रुपये की राशि निकली। इस अवसर पर न्यास के अध्यक्ष हंसराज मालपानी, कोषाध्यक्ष जिनेश जैन, गोपाल मालपानी, कन्हैया यादव, श्याम राठी सहित अन्य सहयोगी सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों की उपस्थिति में पूरी राशि की पारदर्शिता के साथ गिनती की गई। गणना कार्य में सभी ने अपना सहयोग प्रदान किया। न्यास के पदाधिकारियों ने बताया कि भक्तों द्वारा दान की गई यह राशि मंदिर के विकास कार्यों, धार्मिक आयोजनों एवं व्यवस्थाओं के सुधार में उपयोग की जाएगी। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भक्तों की आस्था और सहयोग से ही श्री शिवधाम डमरू घाटी का निरंतर विकास हो रहा है।

साहित्यकारों को कादम्बरी सम्मान से किया सम्मानित



नरसिंहपुर, देशबन्धु। अंतर्राष्ट्रीय साहित्यिक, सास्कृतिक और गायन संस्था कादम्बरी के वार्षिकोत्सव 2026 में देश-विदेश के 129 साहित्यकारों को कादम्बरी सम्मान 2026 से अलंकरण समारोह के दौरान नगर के कहानीकार, कवि राकेश माहेश्वरी काल्पनिक के कहानी संकलन धूप-छांव का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम मे महामण्डलेश्व अखिलेशस्वरानंद जी महाराज, प्रज्ञा पीठाधीश्वर श्री मां साध्वी विभानंद गिरी जी मोहन गुरु नर्मदा पुरम और डॉ पशुपतिनाथ उपाध्याय वरिष्ठ साहित्यकार अलीगढ की रहीं। कार्यक्रम संचालन साहित्य मनीषी राजेश पाठक प्रवीन और आशुतोष तिवारी द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री माहेश्वरी की यह छठवीं कृति पाथेय संस्था के द्वारा प्रकाशित की गई है श्री पाठक द्वारा राकेश माहेश्वरी के लेखन की सराहना करते हुए उल्लेख किया गया कि आपका सृजन संवेदनशील और जीवन की विसंगतियों और विषमताओं पर केंद्रित है।

दिवंगत श्रीमती निर्मला खत्री को दी गई विनम्र श्रद्धांजलि



नरसिंहपुर, देशबन्धु। सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर की दिवंगत सेवानिवृत्त आचार्या को विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। आपका देवलोक गमन कुछ समय अस्वस्थ होने के कारण दिनांक 2 नवंबर को हो गया है । वह वरिष्ठ स्वयंसेवक आरएसएस एवं पूर्व जिला सचिव व पूर्व व्यवस्थापक नरसिंहपुर की धर्मपत्नी थी विद्यालय में जैसे ही यह समाचार प्राप्त हुआ विद्यालय परिवार शोक संतप्त हो गया संस्था प्राचार्य हरिओम शरण कोरी, प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर, राजेंद्र पटेल आचार्य परिवार व छात्र छात्राओं द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट मौन श्रद्धांजलि देते हुए परमपिता परमेश्वर से श्री चरणों में स्थान देने तथा परिवार को गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

गाडरवारा में प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग

सांसद दर्शन सिंह ने प्रतिनिधिमंडल के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से की रेल सुविधाओं के विस्तार की मांग

गाडरवारा, देशबन्धु। क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सांसद दर्शन सिंह ने विगत दिनों एक प्रतिनिधिमंडल के साथ केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर गाडरवारा सहित क्षेत्र के अनेक रेलवे स्टेशनों पर महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग रखी। इस दौरान रेल सुविधाओं के विस्तार से संबंधित प्रस्ताव भी मंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

प्रस्ताव के संबंध में रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी में अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव को व्यावसायिक दृष्टि से संभव नहीं बताया गया है। इसके लिए रेलवे ने यात्री आय के आंकड़ों एवं रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का हवाला दिया है।

गाडरवारा में पांच प्रमुख ट्रेनों के ठहराव की मांग - प्राप्त जानकारी के अनुसार, गाडरवारा स्टेशन पर वर्तमान में 21 जोड़ी एक्सप्रेस ट्रेनें एवं एक जोड़ी सवारी गाड़ी का ठहराव है। यहां प्रतिदिन प्रति गाड़ी औसत आय



10,084 रुपये बताई गई है। रेलवे का कहना है कि निर्धारित मानकों के अनुसार यह आय अतिरिक्त ट्रेनों के ठहराव को व्यावसायिक दृष्टि से उचित नहीं ठहराती।

गाडरवारा स्टेशन पर जिन ट्रेनों के ठहराव की मांग सांसद द्वारा उठाई गई है, उनमें जबलपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस (12193/12194), सूरत-तापीगंगा एक्सप्रेस (19045/19046), संघमित्रा एक्सप्रेस (12295/12296), रीवा वंदे भारत एक्सप्रेस (20173/20174) तथा ज्ञानगंगा एक्सप्रेस (22131/22132) शामिल हैं।

यात्रियों की सुविधा के आधार पर पुनर्विचार की अपेक्षा - गाडरवारा क्षेत्र के हजारों यात्रियों को जबलपुर, भोपाल, इंदौर, सूरत, बेंगलुरु सहित देश के विभिन्न शहरों तक आवागमन के लिए रेल सुविधाओं की आवश्यकता रहती है। ऐसे में महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख रेल समस्याओं में शामिल रही है।

स्थानीय यात्रियों का मानना है कि रेलवे को वर्तमान यात्री आय को आधार बनाने के साथ ही आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की आबादी, व्यापारिक गतिविधियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और भविष्य में संभावित यात्री संख्या को भी ध्यान में रखना चाहिए।

सांसद दर्शन सिंह द्वारा रेल मंत्री के समक्ष इस मांग को उठाए जाने की क्षेत्रीय यात्रियों ने सराहना की है। अब यात्रियों को उम्मीद है कि रेलवे इस मांग पर सकारात्मक विचार करते हुए क्षेत्र को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करेगा।

अमानक पॉलीथिन और डिस्पोजल के खिलाफ नगर पालिका की कार्रवाई, 31,600 रुपए जुर्माना वसूला

सीएमओ रितु मेहरा के निर्देशन में लगातार चल रहा अभियान, प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर की जा रही जब्ती की कार्रवाई

गाडरवारा, देशबन्धु। नगर को पॉलीथिन मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा अमानक पॉलीथिन एवं प्रतिबंधित डिस्पोजल सामग्री के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रितु मेहरा के निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विभिन्न दुकानों एवं प्रतिष्ठानों की जांच कर प्रतिबंधित सामग्री जब्त की जा रही है। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध जुर्माने की कार्रवाई भी की जा रही है।

नगर पालिका द्वारा की गई इन कार्रवाइयों के दौरान अब तक कुल 31 हजार 600 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। अभियान का उद्देश्य व्यापारियों एवं आम नागरिकों को प्रतिबंधित पॉलीथिन तथा डिस्पोजल सामग्री के उपयोग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के प्रति जागरूक करना और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाना है। इस कार्रवाई में नगर पालिका के संजय श्रीवास, प्रमोद चौहान, प्रदीप मिश्रा, अमित कोष्टि, शहजाद खान, संजय ब्यास, जीवन कोरी, दिनेश रेक्कवार, दीपेश दुबे, अनुज घारू, प्रशांत घारू, देवीराम गोहर, मनोज बाल्मीक, राकेश पटेल, नरेश रजक, पवन तिवारी, दीपक प्रजापति, शैलेन्द्र महाराज, आकाश ब्यास, चंदन रूसिया, साकेत श्रीवास, करण खटीक, दसरथ धानक, आकाश पिपरहा एवं राजेंद्र स्थापक सहित नगर पालिका के अनेक कर्मचारियों की सक्रिय भूमिका रही।

नगर पालिका प्रशासन ने नागरिकों एवं व्यापारियों से प्रतिबंधित पॉलीथिन और डिस्पोजल सामग्री का उपयोग नहीं करने तथा स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

माफियाराज के खिलाफ कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

नरसिंहपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था और माफियाराज के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध कारोबार संचालित हो रहे हैं और माफिया सरकार को नियंत्रित कर रहे हैं। इस दौरान कांग्रेसजनों ने मानव श्रृंखला बनाकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी की तथा खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की हत्या के आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की।

विरोध प्रदर्शन के अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने कहा कि नरसिंहपुर जिले सहित पूरे मध्यप्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति लगातार बिगड़ रही है भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं और माफिया सरकार पर हावी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुई अनेक घटनाओं के साथ हाल ही में खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर की गई निर्मम हत्या प्रदेश में बढ़ते माफियाराज और बदहाल कानून



भाजपा नेताओं के संरक्षण में फल-फूल रहे अवैध कारोबार, कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

व्यवस्था का प्रमाण है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित मैथिलीशरण तिवारी ने कहा कि अपराधियों ने शासन-प्रशासन पर कब्जा कर रखा है। यही कारण है कि अवैध गतिविधियों में लिप्त लोगों को कानून का कोई भय नहीं रह गया है। पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष लाखन सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि पूरे प्रदेश के साथ नरसिंहपुर जिले में भी भाजपा नेताओं और मंत्रियों के संरक्षण में अवैध कारोबार फल-फूल रहे हैं। रेत माफिया अपनी मनमर्जी चला रहा है। डॉ. संजीव चांदोकर एवं वरिष्ठ नेता विभाष जैन सहित अन्य नेताओं ने भी प्रदेश में भ्रष्टाचार के बोलबाले और पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, प्रदेश पदाधिकारी मनीष राय, शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साहू, ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष धनीराम पटेल सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रूद्रेश तिवारी ने किया।

मानव श्रृंखला बनाकर जताया विरोध-

प्रदेश में माफियाराज के खिलाफ कांग्रेसजनों ने सुभाष पार्क गेट से इंदिरा चौक तक मानव श्रृंखला बनाई।

इंदिरा चौक पर एकत्रित होकर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इस दौरान खातेगांव थाना प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की हत्या के आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग की गई तथा दिवंगत थाना प्रभारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

गन्ने का प्रति क्विंटल मिले 600 रुपए, नरसिंह भवन परिसर में बैठे किसान, निकाली रैली

नरसिंहपुर, देशबन्धु। जिले में अनेक समस्याओं से जूझ रहे किसानों में रोष है, बिजली की किल्लत, फसलों का वाजिब दाम नहीं मिल रहा है। खाद पाउडर मिल नहीं रहा और अब गन्ने के भाव को लेकर किसान समझौता करने के मूड में नही।

विभिन्न कृषि समस्याओं के निराकरण और गन्ने का उचित मूल्य निर्धारित करने जैसी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को जिले भर के किसानों ने जोरदार हुंकार भरी। राष्ट्रवादी किसान आर्मी संगठन के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। इसके पूर्व किसानों ने गौरी गार्डन के पास एकत्रित होकर माइक के माध्यम से अपनी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया और सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया। शाम करीब 5 बजे किसान रैली के रूप में नारेबाजी करते हुए जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे। संगठन की प्रमुख मांगों में गन्ने



का मूल्य 600 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करना, चुनावी घोषणा के अनुरूप 100 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देना, खराब सोयाबीन व उड़द फसलों का मुआवजा और फसल बीमा राशि दिलाना शामिल है। इसके अलावा जंगली सूअरों से फसलों को होने वाले नुकसान पर रोक, महाकौशल शुगर मिल (बचई) से गन्ना किसानों का बकाया भुगतान समय पर कराना तथा यूरिया व डीएपी खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।

कलेक्ट्रेट पहुंचने के बाद किसान कलेक्टर रजनी सिंह के समक्ष ही ज्ञापन सौंपने की जिद पर अड़े रहे। हालांकि, देर शाम तक कलेक्टर के एक बैठक में व्यस्त रहने के कारण किसान कलेक्ट्रेट परिसर में ही धरने पर बैठ गए और शांतिपूर्ण तरीके से हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। किसानों का कहना है कि उनकी मांगें हजारों अन्नदाताओं की आजीविका और आर्थिक स्थिति से जुड़ी हैं, इसलिए प्रशासन को इस पर त्वरित निर्णय लेना चाहिए। समाचार लिखे जाने तक किसान अपनी मांगों के समर्थन में कलेक्ट्रेट परिसर में ही डटे हुए थे।

जिला दंडाधिकारी ने कलेक्ट्रेट नरसिंह भवन परिसर को शांत क्षेत्र घोषित किया

नरसिंहपुर, देशबन्धु। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने कार्यालय कलेक्टर नरसिंहपुर (नरसिंह भवन) के संपूर्ण परिसर को शांत क्षेत्र घोषित करने का आदेश जारी किया है। साथ ही जनसामान्य के हित/ जानमाल की सुरक्षा एवं लोक शांति बनाए रखने के लिए नरसिंहपुर जिले की राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के प्रावधानों के तहत जारी किया है। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा



223 एवं अन्य युक्तियुक्त प्रावधानों के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। जारी आदेश के मुताबिक कोई भी व्यक्ति, राजनैतिक दल, संस्था आदि किसी भी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली एवं कार्यक्रम के आयोजन के पूर्व उसकी लिखित सूचना संबंधित अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अनिवार्य रुप से देकर लिखित अनुमति प्राप्त करनी होगी। सूचना में धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, कार्यक्रम का रुट, स्थल एवं उसमें सम्मिलित होने वाले व्यक्तियों/ वाहनों की अनुमानित संख्या का उल्लेख अनिवार्य रुप से किया जाएगा, ताकि तदनुसार आवश्यक पुलिस व्यवस्था की जा सके। अनुविभागीय दण्डाधिकारी द्वारा जारी अनुमति में उपरोक्त तथ्यों का स्पष्ट रुप से समावेश किया जाएगा।

धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली, ज्ञापन एवं कार्यक्रम के दौरान डीजे जैसे तेज ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग नहीं किया जाएगा। केवल लाउड स्पीकर का उपयोग किया जा सकेगा। यदि कोई संगठन किसी मुद्दे पर ज्ञाप प्रस्तुत करना चाहता है, तो इसकी पूर्व अनुमति के उपरांत ही संगठन के 5 व्यक्ति कलेक्ट्रेट परिसर गेट नंबर 2 (राम मंदिर के सामने) निर्धारित स्थान पर प्रवेश कर अधिकारी को ज्ञापन सौपेंगे।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

